>

Title: Demand for incentives for development of Bhadohi Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): सभापति महोदय, आज सत्र के अंतिम दिन आपने मुझे उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। ...(व्यवधान)

मैं कई बार इस सदन में बुनकरों की समस्या, कालीन बनाने वालों की समस्या, नदियों का कटान, ट्रेनों का ठहराव, रेल लाइन के दोहरीकरण की जो स्वीकृति मिली है, उठाता रहा हूं।...(व्यवधान) अभी तक कुछ काम तो शुरू हुए, लेकिन सबसे बड़ी समस्या बुनकरों की है और कालीन नगरी भदोही, जहां से मैं चुन कर आता हूं, वहां गरीब लोग रहते हैं, गांव में बसा हुआ क्षेत्र है और वहां जरूरी है, मैं उस कालीन नगरी को सुधारने के लिए इंसेंटिव्स की मांग करता रहा हूं।...(व्यवधान) हमारे क्षेत्र में गंगा नदी के कटान से सैंकड़ो गांव और हजारों एकड़ भूमि प्रभावित होती रही है।...(व्यवधान) उसकी मैं मांग करता रहा हूं, बहुत सारे स्टेशनों पर ठहराव की मांग करता रहा हूं, जिनमें ज्ञानपुर रोड, सुरियावां में शिवगंगा का ठहराव और उसके साथ ही साथ परसीपुर रेलवे स्टेशन पर कुछ ट्रेन्स जाते समय रुकती रही हैं, लेकिन आते समय नहीं रुकती हैं...(व्यवधान)